# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 26 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE



Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के घाटोल क्षेत्र के किस गांव में स्वर्ण अयस्क के संभावित भंडार के संकेत मिले हैं?

(A) आमेट गांव

(B) दादिया गांव

**(C) कांकरिया गांव**

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान के आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के घाटोल क्षेत्र के कांकरिया गांव में तीसरी सोने की खान के ब्लॉक होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है.
- भूवैज्ञानिकों को कांकरिया में लगभग 3 किलोमीटर के विशाल क्षेत्र में स्वर्ण अयस्क के संभावित भंडार के पुख्ता संकेत मिले हैं. जल्द ही माइनिंग लाइसेंस जारी होने के बाद यहां खनन प्रक्रिया शुरू की जाएगी.
- इससे पहले भी बांसवाड़ा के घाटोल में स्थित जगपुरिया और भूकिया में सोने की खानों की पुष्टि हो चुकी है.
- पूरे क्षेत्र में 940.26 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन (11 करोड़ 35 लाख 20 हज़ार टन) स्वर्ण अयस्क होने का अनुमान है. इसमें सोने की धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है

## Yesterday Revision

⭕ हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शौर्य वन का उद्घाटन कहां पर किया?-जैसलमेर

⭕. हाल ही में बहरीन में चल रहे यूथ एशियन गेम्स में भारत की गर्ल्स और बॉयज कबड्डी टीमों ने गोल्ड जीते हैं, इसमें राजस्थान के कितने खिलाड़ी शामिल हुए?- 5 खिलाड़ी

⭕. राजस्थान में एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तर्ज पर चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अब तक कुल कितने पौधे लगाए जा चुके हैं?- 18.50 करोड़

⭕. हाल ही में जयपुर के शिल्पकार रोहित जांगिड़ और उनके परिवार को अमेरिकन आर्ट अवॉर्ड्स 2025 में उनकी किस कृति के लिए सम्मानित किया गया?-रॉयल वीणा

⭕. हाल ही में शिक्षा विभाग के जरिए बालिकाओं को हर साल देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत कितनी स्कूटियों का वितरण करने का फैसला लिया है ?-4,240

⭕. राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भारतीय सेना के कौनसे सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया?- थार शक्ति

⭕. लंदन के रॉयल महल में आयोजित आठ वर्ष से कम आयु श्रेणी की सबसे बड़ी जूनियर चैस प्रतियोगिता किसने जीती है?- निकेश आचार्य

**01. राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर आयोजित होने वाले सबसे बड़े संयुक्त युद्धाभ्यास का नाम क्या है?**

(A) ऑपरेशन थार

(B) महायुद्ध 2025

(C) महागुजराज

(D) ऑपरेशन वज्र

**Important Facts:**

- राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 13 दिन का अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में संयुक्त अभ्यास करेंगें।
- इस युद्धाभ्यास को महागुजराज नाम दिया गया है। करीब 13 दिन चलने वाली एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी जो 11 नवंबर तक चलेगा
- 'महागुजराज' में तीनों सेनाएं एक साथ तालमेल स्थापित कर यूनिफाइड ऑपरेशन, डीप स्ट्राइक और मल्टी-डोमेन वॉरफेयर का अभ्यास करेंगी। इस दौरान भारतीय सेना अपने कई नए स्वदेशी हथियारों और हाईटेक सिस्टमों की टेस्टिंग भी करेगी।

02. हाल ही में जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों की कमान किसे सौंपी गई है?

(A) जिला कलेक्टर

(B) नगर निगम आयुक्त

(C) संभागीय आयुक्त

(D) मुख्य सचिव

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम की कमान संभागीय आयुक्त के पास होगी। राज्य सरकार ने तीनों शहरों के 2-2 नगर निगमों को मर्ज करने के बाद संभागीय आयुक्त को प्रशासक नियुक्त कर दिया है। इन निगमों के बोर्ड का कार्यकाल 9 नवम्बर को पूरा होगा। इसके बाद यहां संभागीय आयुक्त प्रशासक के तौर पर इनका कामकाज संभालेंगे, जिनके पास बोर्ड की शक्तियां होगी। कार्यकाल खत्म होते ही तीनों शहर में एक ही नगर निगम होगा।
- राज्य सरकार एक राज्य-एक चुनाव के तहत निकायों के चुनाव कराना चाह रही है। यही कारण है कि प्रदेश में कई शहरी निकायों में वर्तमान में प्रशासक लगाए गए हैं। फरवरी 2026 तक प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में बोर्ड का कार्यकाल पूरा हो जाएगा।
- संभवतया ऐसा पहली बार है, जब शहरी सरकार की कमान प्रशासक के तौर पर संभागीय आयुक्तों को सौंपी है। अब तक यह काम जिला कलक्टर या नगर निगम आयुक्त को दी जाती रही है।

03. राजस्थान में गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना' कितने जिलों में शुरू की गई है?

(A) 33

(B) 50

(C) 41

(D) 25

**Important Facts:**

- 'राजस्थान सरकार ने 41 जिलों के एक-एक ब्लॉक के विकास के लिए 'गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना' शुरू की है। योजना के जरिए सभी चिन्हित ब्लॉकों में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, आधारभूत संरचना, कौशल विकास एवं सामाजिक विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार आधारित कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में आकांक्षी ब्लॉक्स के विकास के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक के लिए 1.5 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है।
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय समितियां बनाई गई हैं।
- योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ब्लॉकों को प्रोत्साहन स्वरूप वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।, पहला स्थान प्राप्त करने ब्लॉक को 50 लाख रुपये, दूसरे स्थान को 35 लाख, तीसरे स्थान को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**04. हाल ही में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में राजस्थान को देशभर में कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?**

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) चौथा

**Important Facts:**

- राष्ट्रीय पोषण माह-2025 में राजस्थान को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। राज्य ने निर्धारित 81,01,730 लक्ष्यों के मुकाबले 88,93,346 उपलब्धियाँ दर्ज कीं। इस तरह राजस्थान की कुल उपलब्धि दर 114.12 प्रतिशत रही
- राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात 115.74 प्रतिशत के साथ प्रथम, राजस्थान 114.12 प्रतिशत के साथ द्वितीय और छत्तीसगढ़ 108.30 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहा।
- पोषण माह 2025 के दौरान राज्यभर में जागरूकता कार्यक्रम, सामुदायिक सहभागिता, गृह भ्रमण, पौष्टिक आहार वितरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परामर्श जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं।
- 8वां राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक)

05. राजस्थान सरकार ने वर्ष 2047 तक कार्यस्थलों पर महिलाओं की भागीदारी कितने प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा है?

(A) 40%

(B) 50%

(C) 60%

(D) 70%

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

⭕ विकसित राजस्थान/2047 विजन डॉक्यूमेंट की बात करें तो राज्य सरकार सामाजिक सशक्तीकरण एवं समावेशन के लिए महिलाओं, युवाओं एवं वंचित समुदायों पर केन्द्रित नीतियों को आधार बनाते हुए राज्य को सामाजिक रूप से सशक्त राज्य बनाने की योजना पर कार्य कर रही है। पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं भी राज्य के विकास में अपना योगदान दे सकें, इसके लिए कार्यस्थलों पर महिलाओं की भागीदारी 60 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य तय किया गया है।

⭕ राजस्थान ने भी वर्ष 2047 तक आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के लिए राज्य के सकल राज्य मूल्य वर्धन में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है।

⭕ स्वास्थ्य एवं कल्याण के क्षेत्र की बात करें तो राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक प्रदेश के नागरिकों की जीवन प्रत्याशा 77 वर्ष तक पहुंचाना और शिशु मृत्यु दर प्रति 1 हजार शिशुओं पर 10 से नीचे लेकर आना है।

06. राजस्थान के किस जिले में प्रदेश की पहली लेक्रोज खेल एकेडमी खोली जाएगी है?

(a) उदयपुर

(b) जोधपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के उदयपुर में प्रदेश की पहली लेक्रोज खेल एकेडमी खोली जाएगी है।
- महाराणा प्रताप खेलगांव स्थित हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान के पास ही उदयपुर विकास प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है।

82 लाख रुपए खर्च कर अक्टूबर तक सभी काम पूरा करने का लक्ष्य है। उदयपुर सहित प्रदेशभर के लेक्रोज खिलाड़ी यहां प्रशिक्षण ले सकेंगे।

- एकेडमी के तैयार होने के बाद यहां राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हो सकेंगी।

07. राजस्थान के कितने शहरों में नए सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (Air Quality Monitoring Systems) स्थापित किए जाएंगे?

(A) 09 प्रमुख शहरों में

(B) 15 प्रमुख शहरों में

(C) 05 प्रमुख शहरों में

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान सरकार ने राज्य के 15 प्रमुख शहरों में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

⭕ आगामी 5 महीनों में, इन शहरों में नए सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (Air Quality Monitoring Systems) स्थापित किए जाएंगे, जिनके जरिए वायु प्रदूषण की सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकेगी

⭕ इससे राज्य में वायु गुणवत्ता के स्तर की बेहतर निगरानी की जा सकेगी और प्रदूषण से होने वाले खतरों का पूर्वानुमान भी संभव होगा।

⭕ जयपुर सहित अन्य शहरों में इस परियोजना को लागू किया जाएगा, जिससे वायु प्रदूषण की स्थिति की तत्काल और सही जानकारी मिल सकेगी

**08. हाल ही में राजस्थान सरकार जल्द ही GCC नीति 2025 लागू करने जा रही है, GCC का पूरा नाम क्या है?**

(A) ग्रोथ केपेबिलिटी सेंटर

(B) ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर

(C) ग्लोबल कंपनी सेंटर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार जल्द ही ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति 2025 लागू करने जा रही है।
- इससे प्रदेश में ही मल्टीनेशनल कंपनियों के आने की राह आसान हो जाएगी। इन कंपनियों के बड़े टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और सपोर्ट सेंटर खुल सकेंगे।
- कुछ कंपनियां ऐसी भी होंगी जो खुद के सेंटर यहां खोलेगी और मल्टीनेशनल कंपनियों को व्यापार में सहयोग करेगी।
- ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर यानि ऐसे केंद्र जो किसी मल्टीनेशनल कंपनी के लिए टेक्नोलॉजी, कस्टमर सपोर्ट, फाइनेंस और रिसर्च-डवलपमेंट जैसी सेवाएं देते हैं।

**09. हाल ही में आसियान समिट 2025 कहां आयोजित किया जाएगा ?**

**(A) मलेशिया**

**(B) वियतनाम**

**(C) नेपाल**

**(D) सिंगापुर**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ आसियान समिट 2025-26 से 28 अक्टूबर 2025 तक कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित किया जाएगा। मलेशिया इस महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समिट की मेजबानी कर रहा है, जिसमें सभी आसियान सदस्य देशों के नेता और प्रमुख वैश्विक साझेदार शामिल होंगे, जिससे यह मलेशिया के इतिहास में सबसे बड़े कूटनीतिक समागमों में से एक बन जाएगा।

⭕ समिट में व्यापार, सुरक्षा और भू-राजनीतिक चुनौतियों सहित प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी डिजिटल माध्यम से भाग लेंगे।

⭕ आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमा और कंबोडिया हैं

⭕ मलेशिया की आसियान अध्यक्षता का विषय, " समावेशीपन और स्थिरता

**10. हाल ही में देश में परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गठित नई कंपनी का नाम क्या है?**

(A) शक्ति एनर्जी लिमिटेड

(B) भारत न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन

(C) अश्विनी

(D) सुर्याणि एनर्जी

**Important Facts:**

- नई परमाणु ऊर्जा कंपनी अश्विनी का गठन
- देश में परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से नई परमाणु ऊर्जा कंपनी का गठन किया गया।
- कंपनी का नाम - अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी)
- यह कंपनी परमाणु ऊर्जा निगम (NPCIL) और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) की संयुक्त कंपनी है।
- भागीदारी NPCIL:NTPC= 51:49

✓ हाल ही में पीएम मोदी द्वारा राजस्थान के बांसवाड़ा में शिलान्यास किए गए नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना इसी कंपनी द्वारा किया जाएगा।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में एक पेड़ मां के नाम' अभियान की तर्ज पर चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अब तक कुल कितने पौधे लगाए जा चुके हैं?**

(A) 22.40 करोड़

(B) 18.50 करोड़

(C) 12.90 करोड़

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine